<u>कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (म.प्र.)</u>

क्रमांक/ **I/1272018/2026**/शिकायत/ **2026** राजगढ़, दिनांक : **29-08-2026**

**प्रति,**

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,
विकासखण्ड ब्यावरा, जिला राजगढ़।

**विषय :-** ई-अटेंडेंस दर्ज करने के उपरांत संस्था से अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों का दिनांक 29.08.2026 का वेतन आहरित नहीं किए जाने के संबंध में।

**संदर्भ :-** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 29.08.2026 को मॉडल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा का किया गया निरीक्षण।

उपरोक्त विषयांतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक **29.08.2026** को **मॉडल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा** का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय निम्न शिक्षक ई-अटेंडेंस दर्ज करने के उपरांत भी संस्था में उपस्थित नहीं पाए गए :–

1. **श्री रामदयाल दांगी, माध्यमिक शिक्षक**
2. **श्री विशाल गौड़, उच्च माध्यमिक शिक्षक**

संबंधित शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस में उपस्थिति दर्ज करने के बाद बिना सक्षम अनुमति के संस्था से अनुपस्थित रहना प्रथम दृष्टया गंभीर लापरवाही एवं शासकीय कर्तव्य के प्रति उदासीनता दर्शाता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त दोनों शिक्षकों के संबंध में दिनांक **29.08.2026** की उपस्थिति एवं स्वीकृत अवकाश/शासकीय कार्य संबंधी अभिलेख का परीक्षण करते हुए, वैध अनुमति उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में **दिनांक 29.08.2026 का वेतन आहरित न किया जाए तथा नियमानुसार वेतन कटौती की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।**

यदि संबंधित शिक्षक के पक्ष में दिनांक 29.08.2026 हेतु कोई पूर्व स्वीकृत अवकाश अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी शासकीय कार्य आदेश उपलब्ध हो, तो उसकी प्रमाणित प्रति सहित वस्तुस्थिति तत्काल इस कार्यालय को अवगत कराएं, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन इस कार्यालय को**03 दिवस के भीतर** प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
Savan Patidar
Date: 29-08-2026
15:27:29

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला राजगढ़**

पृ.क्रमांक/ **I/1272018/2026**/शिकायत/ **2026** राजगढ़, दिनांक : **29-08-2026**

**प्रतिलिपि :–**

1. प्राचार्य, मॉडल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा को सूचनार्थ एवं संबंधित उपस्थिति अभिलेख विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, ब्यावरा को तत्काल उपलब्ध कराने हेतु।
2. संबंधित अधिकारी/संस्था को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कार्यालय प्रति, संधारण हेतु।

**(savan patidar)**
**ASSISTANT DIRECTOR**
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़